# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

**(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)**

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार



विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक: BRLPS/LSBA/BSH/06/16/176 दिनांक: 25.7.17

प्रेषक,

बालामुरूगन डी., भा0प्र0 से0,

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-राज्य मिशन निदेशक।

सेवा में,

प्रमण्डलीय आयुक्त,

पटना, मगध, तिरहुत, पुर्णिया एवं सहरसा।

विषय : **'खुले में शौच से मुक्त (ODF)' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रमण्डल स्तर पर बैठक के संबंध में।**

महाशय,

राज्य सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2019 तक सम्पूर्ण राज्य को 'खेलु में शौच से मुक्त' करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। बिहार सरकार के सात निश्चय में 'शौचालय निर्माण घर का सम्मान' एक महत्वपूर्ण निश्चय है जिसकी सफलता का राज्य के विकास की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

वर्त्तमान में इन अभियान को सफल बनाने की दिशा में प्रखण्ड, जिला एवं राज्य स्तर पर सामुहिक प्रयास किये जा रहे हैं तथा इसके आशाजनक परिणाम भी आये हैं। राज्य के 481 पंचायतों तथा 18 प्रखण्डों को अब तक खुले में शौच से मुक्त किया जा चुका है तथा आशा है कि अगले कुछ महीनों में कई जिले भी खुले में शौच के अभिशाप से पूर्णत: मुक्त हो सकेंगे।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में निदेशानुसार सूचित करना है कि **विकास आयुक्त, बिहार,** की अध्यक्षता में प्रमण्डलीय स्तर पर समीक्षा एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें **सचिव, ग्रामीण विकास विभाग,** भी भाग लेंगे।

समीक्षा एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रमण्डल के सभी संबंधित जिला पदाधिकारी, उपविकास आयुक्त, निदेशक - डी.आर.डी.ए., जिला परियोजना प्रबंधक- जीविका एवं जिला समन्वयक भाग लेंगे।

अत: अनुरोध है कि सम्बंधित जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त को अपने स्तर से बैठक में भाग लेने हेतु निदेशित करने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन,

अनुलग्नक : यथोक्त।

(बालामुरूगन डी.)

ज्ञापांक: BRLPS/LSBA/BSH/06/16/176 दिनांक: 25.7.17

प्रतिलिपि : सभी संबंधित जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उपरोक्त कार्यक्रम में जिला के निदेशक- डी.आर.डी.ए., जिला परियोजना प्रबंधक- जीविका एवं जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को भाग लेने हेतु निदेशित करेंगे।

प्रतिलिपि : सभी संबंधित उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि : विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित समर्पित ।

(बालामुरूगन डी.)

# प्रमण्डलीय स्तर पर अन्तर विभागीय पदाधिकारियों की बैठक की विवरणी

| क्रम संख्या | प्रमण्डल का नाम | प्रमण्डल स्तरीय उन्मुखीकरण की तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पटना | 03.08.2017 | 11:00 को पूर्वाहन | पटना प्रमण्डलीय आयुक्त का कार्यालय कक्ष |
| 2 | मगध | 09.08.2017 | 11:00 को पूर्वाहन | मगध प्रमण्डलीय आयुक्त का कार्यालय कक्ष |
| 3 | तिरहुत एवं दरभंगा | 18.08.2017 | 11:00 को पूर्वाहन | तिरहुत प्रमण्डलीय आयुक्त का कार्यालय कक्ष |
| 4 | पूर्णिया एवं सहरसा | 23.08.2017 | 11:00 को पूर्वाहन | पूर्णिया प्रमण्डलीय आयुक्त का कार्यालय कक्ष |